आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 07.03.2026
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह आज प्रदेश के समग्र विकास से जुड़ी एक हजार 129 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।
- प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए राहत का बड़ा आधार; बागेश्वर में सात वर्षों में 3 हजार से अधिक गरीब परिवारों को मिला पक्का मकान।
- बढ़ते तापमान के कारण वनाग्नि की आशंका के मद्देनजर उत्तरकाशी वन प्रभाग ने अलर्ट जारी किया; आम जन से वनाग्नि की सूचना तुरंत प्रशासन को देने की अपील।
- नैनीताल की झीलों के पुनर्विकास कार्यों में तेजी, आवास सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने परियोजनाओं की करी उच्चस्तरीय समीक्षा।

**जन–जन की सरकार, चार साल बेमिसाल**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह हरिद्वार में आयोजित 'जन–जन की सरकार, 4 साल बेमिसाल' कार्यक्रम में शामिल होने पहुंच गये हैं। वे कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के समग्र विकास से जुड़ी एक हजार 129 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम में उत्तराखंड सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर राज्य स्तरीय प्रदर्शनी भी लगाई गई है, जिसमें सरकार की प्रमुख उपलब्धियों और नीतिगत निर्णयों को प्रदर्शित किया गया है।
कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सहित मंत्री, विधायक, सांसद और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद हैं। इस अवसर पर पांच लोगों को भारतीय नागरिकता भी प्रदान की जाएगी।

**प्रधानमंत्री आवास योजना**

केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना बागेश्वर जिले में गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए राहत का बड़ा आधार बन रही है। वर्ष 2017 से 2024 तक जिले में 3 हजार 177 पक्के मकानों का निर्माण किया जा चुका है। योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर और बेघर परिवारों को सुरक्षित आवास उपलब्ध कराना है, ताकि उनका जीवन स्तर बेहतर हो सके। एक रिपोर्ट–

**जिले के नगर क्षेत्र के पास स्थित अमसरकोट गांव में भी योजना का लाभ लोगों तक पहुंचा है। यहां छह गरीब परिवारों को पक्के मकान मिले हैं। लाभार्थी बसंती देवी ने बताया कि**

**पहले उनका घर कच्चा और जर्जर था। लेकिन अब पक्का मकान मिलने से परिवार को सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन मिल रहा है।**

**लाभार्थी पार्वती देवी बताती हैं कि योजना के तहत घर मिलने से अब उनका परिवार सुरक्षित जीवन जी रहा है।**

**मुख्य विकास अधिकारी आर.सी. तिवारी ने बताया कि सरकार का लक्ष्य हर गरीब परिवार को पक्का मकान उपलब्ध कराना है। प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ पारदर्शिता के साथ मिले और कोई भी जरूरतमंद वंचित न रहे।**

## वनाग्नि

कम वर्षा, बर्फबारी में कमी और बढ़ते तापमान के कारण वनाग्नि की आशंका को देखते हुए उत्तरकाशी वन प्रभाग ने अलर्ट जारी किया है। विभाग के अधिकारी और कर्मचारी नियमित गश्त कर रहे हैं और लोगों से वनाग्नि की किसी भी सूचना तुरंत देने की अपील की गई है।

प्रभागीय वनाधिकारी डी.पी. बलूनी ने बताया कि शुक्रवार को वन प्रभाग के विभिन्न क्षेत्रों में वनाग्नि की पांच घटनाएं सामने आईं, जिनसे लगभग 4 दशमलव दो–पांच हेक्टेयर आरक्षित और सिविल वन क्षेत्र प्रभावित हुआ।

उन्होंने बताया कि उत्तरकाशी वन प्रभाग स्थानीय जनता, ग्राम सभाओं, स्वयंसेवी समूहों और अन्य विभागों के सहयोग से वन संपदा के संरक्षण और वनाग्नि की रोकथाम के लिए लगातार कार्य कर रहा है।

प्रभागीय वनाधिकारी ने आमजन से अपील की है कि वे वन क्षेत्रों में आग को लेकर पूरी सावधानी बरतें और किसी भी स्थान पर आग लगने की सूचना तुरंत नजदीकी वन चौकी या कंट्रोल स्टेशन को दें।

## स्थिति स्पश्ट

पूर्णागिरि मेले के दौरान टनकपुर बैराज रोड पर अस्थायी दुकानों के संचालन को लेकर उठे विषय पर एनएचपीसी टनकपुर पावर स्टेशन प्रबंधन ने स्थिति स्पष्ट की है।

महाप्रबंधक ऋषि रंजन आर्य ने कहा कि एनएचपीसी का उद्देश्य किसी भी व्यापारी की आजीविका को प्रभावित करना नहीं है, बल्कि टनकपुर बैराज और बांध की मजबूती तथा सुरक्षा सुनिश्चित करना प्राथमिकता है।

उन्होंने बताया कि लगभग 30 वर्ष पुराने टनकपुर बैराज और बांध की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विशेष मरम्मत और सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। यह कार्य निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप संचालित हो रहा है।

महाप्रबंधक ने कहा कि बैराज की संवेदनशीलता और चल रहे निर्माण कार्यों के कारण टनकपुर बैराज के मुख्य गेट के आसपास अस्थायी मेला दुकानों का संचालन फिलहाल संभव नहीं है। सुरक्षा की दृष्टि से इस क्षेत्र को खाली रखना आवश्यक है।

एनएचपीसी प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि यदि व्यापारी टनकपुर नगर क्षेत्र में एनएचपीसी गेट के बाहर निर्धारित स्थानों पर दुकानें स्थापित करते हैं तो इस पर कोई आपत्ति नहीं होगी।

## झील पुनर्विकास

नैनीताल जिले की झीलों के पुनर्विकास और सौंदर्यीकरण कार्यों में तेजी लाई गई है। आवास विभाग के सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने राज्य सचिवालय में योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी नैनीताल डॉ. ललित मोहन रयाल वर्चुअल रूप से शामिल हुए।

समीक्षा के दौरान भीमताल झील के पुनर्विकास और सौंदर्यीकरण परियोजना पर चर्चा हुई। परियोजना की अनुमानित लागत 25 करोड़ 67 लाख रुपये है। इसका उद्देश्य क्षेत्र को अधिक आकर्षक और सुविधाजनक बनाकर पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

बैठक में नौकुचियाताल और कमल ताल झील के पुनर्विकास और सौंदर्यीकरण योजनाओं की भी समीक्षा की गई। इन परियोजनाओं की अनुमानित लागत लगभग 21 करोड़ रुपये आंकी गई है।

आवास सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भीमताल, नौकुचियाताल और कमल ताल से जुड़ी परियोजनाएं तय समयसीमा में और गुणवत्ता के साथ पूरी की जाएं।

## खेल

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कल चंपावत के लोहाघाट में 'अस्मिता' खेल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, के तत्वावधान में आयोजित हो रहा है। आयोजन लोहाघाट के छमनिया स्टेडियम में पूर्वाह्न 11 बजे से शुरू होगा।

कार्यक्रम का उद्देश्य खेलों के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाना और उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए मंच उपलब्ध कराना है। इसके तहत विभिन्न आयु वर्गों में एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिताओं में अंडर–13 वर्ग, 13 से 18 वर्ष और 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग शामिल हैं। प्रतिभागी 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ में हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता में जिले की लगभग 200 महिलाओं और बालिकाओं के भाग लेने की संभावना है।

जिलाधिकारी मनीष कुमार ने जिले के खेल प्रेमियों, महिलाओं और बालिकाओं से कार्यक्रम में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ महिलाओं के आत्मसम्मान को नई पहचान देगा।

## चारधाम यात्रा

चारधाम यात्रा की तैयारियां तेज हो गई हैं। आस्था और पर्यटन से जुड़ी इस महत्वपूर्ण यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरू हो गये हैं। इससे पर्वतीय क्षेत्रों में पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलने की उम्मीद है।

**हर साल बड़ी संख्या में श्रद्धालु हिमालयी धामों तक पहुंचते हैं। यात्रा के दौरान होटल, परिवहन सेवाएं, घोड़ा—खच्चर संचालन, भोजनालय, हस्तशिल्प और छोटे व्यापारियों की आय बढ़ती है, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है।**

**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि बेहतर प्रबंधन, डिजिटल व्यवस्था और पर्यटन सुविधाओं के विस्तार के साथ चारधाम यात्रा 2026 आस्था और पर्यटन दोनों को नई ऊर्जा देगी। यात्रा की शुरुआत 19 अप्रैल से होगी। यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के कपाट 19 अप्रैल, केदारनाथ धाम के कपाट 22 अप्रैल और बद्रीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल को खुलेंगे, जबकि हेमकुंड साहिब के कपाट खुलने की तिथि बाद में घोषित की जाएगी।**

**पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि चारधाम यात्रा आस्था के साथ स्पिरिचुअल टूरिज्म का प्रमुख केंद्र है। इससे श्रद्धालु हिमालयी संस्कृति, स्थानीय परंपराओं और प्राकृतिक सौंदर्य से परिचित होते हैं और पर्यटन को बढ़ावा मिलता है।**

## समीक्षा बैठक

पौड़ी की जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में बिजली आपूर्ति, मीटरिंग, बिलिंग, शिकायत निस्तारण, ब्रेकडाउन और वोल्टेज संबंधी समस्याओं की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने उपभोक्ताओं को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मीटर रीडिंग व्यवस्था की विशेष निगरानी, मीटर रीडरों की मॉनिटरिंग और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए जियो टैग व्यवस्था लागू करने का प्रस्ताव शासन को भेजने को कहा गया। हेल्पलाइन 1912 के व्यापक प्रचार और शिकायतों की नियमित समीक्षा के निर्देश भी दिए गए।

ब्रेकडाउन की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था मजबूत करने और आपूर्ति बहाली का समय कम रखने को कहा गया। लंबे ब्रेकडाउन पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। आउटसोर्स सब स्टेशनों की निगरानी, ठेकेदारों की नियमित समीक्षा और कर्मचारियों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने को भी कहा गया।